U.S. Small Business Administration

आपदा सहायता कार्यालय

लक्षित EIDL एडवांस परिचय

बुरी तरह से प्रभावित छोटे व्यापारों, ग़ैर-लाभकारी संगठनों को आर्थिक सहायता और वेन्यूज़ अधिनियम के तौर पर **COVID-19 लक्षित EIDL एडवांस** 27 दिसम्बर, 2020 को क़ानून बना। लक्षित EIDL एडवांस कम-आय वाले समुदायों में स्थित व्यापारों को अतिरिक्त फंड देता है ताकि छोटे व्यापार बंद न हों, वह बाज़ार में बने रहें और वह अपनी पहली अवस्था में लौट आएं।

कम-आय समुदायों में स्थित उन आवेदकों को **$10,000 तक** फंड उपलब्ध होगा जिन्हें पहले $10,000 से कम EIDL एडवांस प्राप्त हुआ है या उन लोगों को जिन्होंने आवेदन किया था लेकिन उन्हें उपलब्ध प्रोग्राम फंडिंग की कमी के कारण कोई फंड नहीं मिला।

आवेदकों को इस बार कुछ करने की आवश्यकता नहीं है।
यदि आप इसके पात्र हैं तो SBA ही आपसे संपर्क करेगा!

SBA पहले उन EIDL आवेदकों से संपर्क करेगा जिन्हें पहले आंशिक EIDL एडवांस (अर्थात $1,000 - $9,000 के बीच में) प्राप्त हुआ है। योग्यता निर्धारण और दस्तावेज़ जमा करने के निर्देशों के साथ आने वाले सप्ताहों में आवेदकों से SBA ईमेल द्वारा सीधे सीधे संपर्क करेगा।

SBA की ओर से सभी बात-चीत @sba.gov पर समाप्त होने वाले आधिकारिक सरकारी ईमेल से भेजा जाएगा। कृपया ईमेल से किसी ऐसे पता पर जो @sba.gov पर समाप्त नहीं होता कोई भी संवेदनशील जानकारी न भेजें।

आवेदक पात्र हो सकते हैं यदि वह:

- **कम आय वाले समुदाय में स्थित हैं।** "कम-आय समुदाय" की परिभाषा आंतरिक राजस्व कोड के सेक्शन 45D(e) में परिभाषित है। ध्यान दें कि आवेदक को पात्र होने के लिए कम-आय वाले समुदाय में ***स्थित*** होना आवश्यक है। SBA उन कम-आय वाले समुदायों की पहचान कैसे करेगा इसकी अतिरिक्त जानकारी शीघ्र www.sba.gov/coronavirusreliefपर उपलब्ध होगी; **और**

- 2 मार्च, 2020 या बाद में शुरू होने वाले 8-सप्ताह की अवधि के दौरान **आय में 30% की कटौती दिखा सकता है।** यदि आवेदक कम-आय वाले समुदाय का मानदंड पूरा करता है तो उनसे 30% कटौती की पुष्टि करने के लिए सकल मासिक आय (सभी प्रकार के प्राप्त संयुक्त मासिक आय जैसे लाभ या वेतन) पूछा जाएगा।

उसके बाद, SBA उनसे संपर्क करेगा जिन्होंने 27 दिसम्बर, 2020 को या पहले EIDL के लिए आवेदन किया लेकिन प्रोग्राम फंडिंग की कमी के कारण EIDL एडवांस प्राप्त नहीं हुआ है। इन आवेदकों को SBA से पात्रता निर्धारण और दस्तावेज़ जमा करने से संबंधित निर्देश वाले ईमेल मिलेंगे। आवेदक यदि उपरोक्त मानदंड (कम-आय लोकेशन और आय में कमी) को पूरा कर लेते हैं तो इसके पात्र हो सकते हैं और

- **300 या कम कर्मचारी हैं।** EIDL कार्यक्रम के लिए सामान्य रूप से पात्र व्यावसायिक इकाइयों में अकेले मालिक, स्वतंत्र ठेकेदार और निजी, गैर-लाभकारी संगठन शामिल हैं। कृषि उद्यम पात्र नहीं हैं।

SBA को आवेदक की ओर से कर वापसी की जानकारी का अनुरोध करने के लिए सभी आवेदकों से **आईआरएस फॉर्म 4506-टी** उपलब्ध कराने के लिए कहा जा सकता है।

कृपया डुप्लीकेट COVID-19 EIDL आवेदन जमा न करें। लक्षित EIDL एडवांस के लिए केवल पहले के ग्राहकों पर ही विचार किया जाएगा।

यदि आप इसके पात्र हैं तो SBA ही आपसे संपर्क करेगा!